**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 15.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राष्ट्र आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री का स्वागत लाल किले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने किया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की नींद अभी उड़ी हुई है। पाकिस्तान में हुई तबाही इतनी बड़ी है कि रोज़ नए खुलासे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकियों और उनको पालने–पोसने वालों को हम अलग–अलग नहीं मानेंगे, वो मानवता के समान दुश्मन हैं और उनमें कोई फ़र्क नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने तय कर लिया है  कि अब वो न्यूक्लियर की धमकियों से नहीं डरेगा। खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। प्रधानमंत्री ने आज से 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले बेटे–बेटियों को सरकार पन्द्रह हजार रुपये देगी।

********************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोतोलन किया। इस अवसर पर उन्होंने सशत्र बल के संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। अपने सम्बोधन ने राज्यपाल ने राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों का ऋण मांफ कर उन्हें आर्थिक राहत प्रदान की है। राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों और दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को नमन किया।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उनासीवें स्वतंत्रता दिवस पर अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इधर, विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो ने रांची स्थित विधानसभा में झंडा फहराया और लोगों को सम्बोधित किया।

********************

राज्य सरकार के विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों ने अपने–अपने जिलों में राष्ट्रध्वज फहराया और मिलीजुली परेड की सलामी ली। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पलामू में ध्वजारोहण किया और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में झंडोतोलन के बाद जनता को सम्बोधित करते हुए माईयाँ सम्मान योजना की चर्चा की। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लोहरदगा में झंडोतोलन किया, जबकि कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने गुमला में ध्वजारोहण किया। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पाकुड़ में ध्वजारोहण के बाद बेहतर सेवा देने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया। जामताड़ा जिले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मिली जुली परेड की सलामी ली, जबकि बोकारो के पुलिस लाइन मैदान में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया, पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा के पुलिस लाइन मैदान में परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके अलावा विभिन्न जिलों में उपायुक्तों ने झंडोत्तोलन किया।

********************

उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और मिलीजुली परेड को सलामी दी। परेड में सुरक्षा बलों के विभिन्न टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्य के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।

****************

आकाशवाणी पर आज शाम सात बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राज्य की जनता को सम्बोधित करेंगे। इस कारण संध्याकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण आज छह बजकर पैंतालीस मिनट पर ही होगा।

****************

कोडरमा पुलिस की ओर से साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

*******समाप्त*******